20/06/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि एनडीए विकास का प्रतीक है क्योंकि पिछले 11 वर्षों के दौरान इसने बिहार को समृद्धि और तेज़ विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाया है। बिहार के सीवान के जसौली में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि एनडीए ने बिहार के विकास के लिए कई कदम उठाए हैं और भी कई अन्य कदम उठाए जाएंगे। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए सीवान में पाँच हज़ार 900 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने ने कहा कि सरकार सबका साथ, सबका विकास पर काम कर रहे हैं।

0000000000000000000000

कल भारत सहित पुरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन होने जा रहा है। और इसीलिए, आप भी आगे आएं और योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। **Yoga Jingle**

0000000000000000000000

संस्कृति मंत्रालय द्‌वारा कल देश भर में 100 पर्यटन-आधारित प्रतिष्ठित स्थलों और 50 से अधिक सांस्कृतिक स्थलों पर योग सत्र आयोजित करके 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को चिह्नित करेगा।

ये कार्यक्रम विशाखापत्तनम में आयुष मंत्रालय द्वारा आयोजित किए जा रहे मुख्य समारोह के पूरक होंगे, जिसमें प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी भाग लेंगे। दुनिया के बाकी हिस्सों के साथ, अरुणाचल प्रदेश कल 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (IDY) मनाने के लिए तैयार है। राज्य स्तरीय समारोह ईटानगर में होगा, जिसमें स्वास्थ्य मंत्री बियुराम वाहगे मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। आयुष मंत्रालय के तहत IDY 2025 के राज्य नोडल अधिकारी डॉ अरविंद कुमार ने बताया कि राज्य के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के सहयोग से एक विशेष योग संगम कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

0000000000000000000000

ग्रामीण विकास और पंचायती राज प्रशासन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, राज्य सरकार के राज्य ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान (SIRD&PR) ने गुजरात के **त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय** के **ग्रामीण प्रबंधन संस्थान आनंद** (IRMA) के साथ एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने SIRD&PR को बधाई देते हुए इसे एक रणनीतिक साझेदारी बताया, जो क्षमता निर्माण, अनुसंधान सहयोग, नीतिगत जुड़ाव आदि के माध्यम से ग्रामीण नेताओं को सशक्त बनाएगी। समझौता ज्ञापन ईटानगर में विशेषज्ञों के नेतृत्व में प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान करेगा और IRMA में राज्य के अधिकारियों के लिए व्यावहारिक अनुभव प्रदान करेगा, जिससे “विकसित भारत, विकसित अरुणाचल” के लिए ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा।

0000000000000000000000

सामाजिक न्याय अधिकारिता एवं जनजातीय मामले - SJETA के मंत्री केंतो जिनी ने धरती आबा जनभागीदारी अभियान के शुभारंभ को जनजातीय क्षेत्रों में केंद्र सरकार की योजनाओं की 100% सुनिश्चित करने के लिए एक ऐतिहासिक कदम बताया है। गुरुवार को ईटानगर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बोलते हुए श्री जिनी ने कहा कि यह पहल जनजातीय सशक्तीकरण और समावेशी विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह अभियान जनजातीय आइकन **बिरसा मुंडा** की 150वीं जयंती समारोह का हिस्सा है और जनजातीय मामलों के मंत्रालय द्वारा एक राष्ट्रव्यापी प्रयास है। SJETA सचिव आबू तायेंग ने कहा कि 30 दिवसीय अभियान के तहत राज्य के 329 गांवों की पहचान की गई है, जिसका उद्देश्य जनजातीय अधिकारों और कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना भी है।

0000000000000000000000

राज्य सरकार के सार्वजनिक पुस्तकालय विभाग ने गुरुवार को ईटानगर स्थित राज्य केंद्रीय पुस्तकालय में **नेशनल रीडिंग डे** का आयोजन किया, जिसमें पढ़ने की आदतों को पुनर्जीवित करने और साहित्यिक प्रतिभाओं को सम्मानित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में पद्म श्री मामांग दाई ने ज्ञान और अभिव्यक्ति के लिए पुस्तकें पढ़ने के महत्व पर प्रकाश डाला। छात्रों के लिए **"दी डिक्लाइन ऑफ़ रीडिंग हैबिट"** पर एक निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

विभाग द्वारा मामांग दाई, डॉ. जमुना बिनी, पोनुंग इरिंग आंगू, मिरांडा पर्तिन और डॉ. नासी कोके सहित प्रमुख महिला लेखकों को उनके साहित्यिक योगदान के लिए सम्मानित भी किया।

0000000000000000000000

गुरुवार को शि-योमी उपायुक्त लीयी बागरा की अध्यक्षता में हुई बैठक में विवाह करने के इच्छुक युवाओं को जिला प्रशासन द्वारा काउंसेलिंग देने के लिए **प्री-मैरिटल काउंसेलिंग कमेटी** का गठन किया गया है। उपायुक ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य सांस्कृतिक मतभेदों, अपने साथी से अपेक्षाओं, कानूनी पहलुओं और भावनात्मक तैयारियों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देकर बढ़ते वैवाहिक विवादों, अंतर-जनजाति और कम उम्र में विवाह की चुनौतियों का समाधान करना है। यह समिति स्कूलों और सामुदायिक बैठकों के माध्यम से युवाओं को जागरूक करके कम उम्र में विवाह न करने की भी सलाह देंगे।

0000000000000000000000

शि-योमी पुलिस के अनुसार 40 वर्षीय व्यक्ति, जिसकी पहचान **तादे पिग्योर** के रूप में हुई है, शि-योमी जिले में एक सस्पेंशन ब्रिज पार करते समय सियोम नदी में गिरने के बाद से लापता है। यह घटना बुधवार शाम को यापिक और लिपो गांव के बीच हुई। जिले के एसपी एस.के. थोंगदोक के अनुसार, पुल के अधिक झुक जाने से, व्यक्ति का संतुलन बिगड़ा हो और वह नदी में गिर गया होगा।

0000000000000000000000